**भारत सरकार**

**शिक्षा मंत्रालय**

**स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग**

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 1980**

**उत्तर देने की तारीख: 05.08.2021**

**ग्रामीण शिक्षा का डिजिटलीकरण**

1980 **श्री दिग्विजय सिंहः**

**श्रीमती फूलो देवी नेतमः**

**श्री जी. सी. चन्द्रशेखरः**

क्या *शिक्षा* मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने ग्रामीण शिक्षा प्रणाली के डिजिटलीकरण की स्थिति की लेखापरीक्षा करवाई है;

(ख) यदि हां, तो मार्च 2020 से अब तक प्रांसगिक डिजिटल अवसंरचना योजना के अंतर्गत निधि के संवितरण के संबंध में की गई लेखापरीक्षा का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या सरकार ने इस संबंध में लेखापरीक्षा करवाई है कि कितने ग्रामीण स्कूलों का डिजिटलीकरण किया गया है और उन्हें चालू किया गया है अर्थात् ऑनलाइन शिक्षा ग्रहण करने में सहायता करने में वे इंटरनेट कनेक्शन, कम्प्यूटर/हैन्ड-हैल्ड डिवाइस, वेबकैम और अन्य उपकरणों से लैस हैं; और

(ङ) यदि हां, तो मार्च 2020 से अब तक प्रासंगिक डिजिटल अवसंरचना योजना के अवंर्गत संवितरित की गई निधि के संबंध में की गई लेखापरीक्षा का राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्री**

**(श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

(क) से (ग) शिक्षा संविधान की समवर्ती सूची में है और अधिकांश स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय संबंधित राज्य और संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों के अधीन हैं। राज्य सरकारों को निर्देश दिया गया है कि वे हर जगह मौजूद स्थिति के आधार पर सभी छात्रों की मांगों को पूरा करने के लिए उन्हें डिजिटल रूप से सीखने के लिए आवश्यक डिजिटल एक्सेस प्रदान करने के लिए कार्य करें। केंद्र

सरकार पूरे देश में शिक्षा पर महामारी के प्रभाव को कम करने के उपायों के संबंध में दिशा-निर्देशों और बैठक के माध्यम से राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को लगातार सलाह दे रही है।

(घ) और (ङ) केंद्र सरकार सभी राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों के लिए कतिपय मापदंडों पर यूडीआईएसई डाटा बनाए रखती है, जैसे कि आईसीटी प्रयोगशालाओं की संख्या, इंटरनेट कनेक्टिविटी आदि। 2019-20 के यूडीआईएसई डेटा के अनुसार, स्कूलों में कुल 65,356 आईसीटी लैब और 29,178 डिजिटल क्लासरूम हैं तथा देश भर में कुल 1,19,581 स्कूलों में इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध है।

**********